INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6th- 2nd Lang.	Department: Hindi	Date: ----/04/26
Worksheet No: 1	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

दो दोस्त थे संजय और मनोज दोनों बेरोजगार थे। दोनों ने गुरुजी से अपनी परेशानी बताई और कहा, "गुरु जी हमें कुछ रुपए दीजिए, जिससे हम कुछ काम धंधा शुरू कर सकें।" गुरुजी ने दोनों को एक - एक हजार रुपए दिए और कहा, "तुम्हें यह रुपए एक साल के अंदर लौटाने होंगे।" दोनों ने गुरुजी की बात मान ली और रुपए लेकर चल दिए।

रास्ते में संजय ने कहा, "हमें इन रुपए से कोई अच्छा काम शुरू करना चाहिए।" पर मनोज ने कहा, "नहीं अब कुछ दिन हम इन रुपयों से अच्छे स्थान पर घूमने जाएँगे और मौज करेंगे।"

एक साल बीत जाने के बाद दोनों दोस्त गुरुजी के पास आए। गुरुजी ने मनोज से पूछा, "तुमने उन रुपयों का क्या किया? क्या लौटाने के लिए रकम लाए हो?" मनोज ने मुँह लटका कर कहा, "गुरुजी किसी ने वह रुपए ठग कर ले लिए।" फिर गुरु जी ने संजय से प्रश्न किया, "तुम भी खाली हाथ आए हो क्या?" संजय ने मुस्कुराकर जवाब दिया "नहीं गुरु जी यह लीजिए ₹1000 और अतिरिक्त ₹1000।"

गुरुजी ने पूछा, "तुम इतने रुपए कहाँ से कमा लाए? क्या तुमने किसी को धोखा दिया है?" संजय ने बताया "जी नहीं मैंने तो यह अपनी सूझबूझ से रुपए कमाए हैं। एक किसान को परेशानी में देखकर मैंने उसके सभी फल खरीद लिए। फिर उन्हें शहर में जाकर बेच दिया इसके बाद वह प्रतिदिन मुझे फल ला कर देता और मैं उन्हें बेच देता। कुछ दिनों के बाद मैंने शहर में दुकान ले ली और फलों का काम शुरू किया।" इतना कह कर उसने गुरु जी को मदद करने के लिए धन्यवाद दिया और अतिरिक्त रुपए किसी जरूरतमंद को देने के लिए रखने का आग्रह किया।

गुरुजी संजय से बहुत खुश हुए और मनोज से कहा, "अगर तुम भी समझदारी और मेहनत से काम करते तो सफल हो सकते थे।" संजय ने कहा, "अभी भी कुछ बिगड़ा नहीं है श्रम का महत्व समझो। सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।"

शिक्षा: श्रम का महत्व समझो, सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।

1. संजय और मनोज की मुख्य समस्या क्या थी?

क) वे बीमार थे　　　ख) वे बेरोजगार थे

ग) वे घूमना चाहते थे　　　घ) वे पढ़ना चाहते थे

2. संजय और मनोज ने अपनी परेशानी किसे बताई?

क) अपने दोस्तों को　　ख) राजा को

ग) अपने पिताजी को　　घ) गुरुजी को

3. गुरुजी ने दोनों दोस्तों को कितने-कितने रुपए दिए?

क) पाँच-पाँच सौ रुपए　　ख) दो-दो हजार रुपए

ग) एक-एक हजार रुपए　　घ) दस-दस हजार रुपए

4. गुरुजी ने रुपए लौटाने के लिए कितना समय दिया था?

क) दो साल　　ख) छह महीने

ग) एक साल　　घ) एक महीना

5. मनोज ने रुपयों का क्या उपयोग करने का सोचा?

क) व्यापार शुरू करने का　　ख) घूमने और मौज करने का

ग) पढ़ाई करने का　　घ) घर बनाने का

6. एक साल बाद मनोज ने गुरुजी को क्या कारण बताया?

क) उसने रुपए खर्च कर दिए　　ख) किसी ने रुपए ठग लिए

ग) रुपए खो गए　　घ) उसने रुपए दान कर दिए

7. संजय ने अपना काम कैसे शुरू किया?

क) दुकान में नौकरी करके　　ख) किसान से फल खरीदकर

ग) खेती करके　　घ) गुरुजी की मदद से

8. संजय ने गुरुजी को कुल कितने रुपए वापस किए?

क) ₹1000　　ख) ₹1500

ग) ₹2000　　घ) ₹500

9. संजय ने अतिरिक्त रुपयों का क्या करने का आग्रह किया?

क) अपने पास रखने का　　ख) मनोज को देने का

ग) नए फल खरीदने का　　घ) किसी जरूरतमंद को देने का

10. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

क) श्रम का महत्व समझना चाहिए

ख) रुपए खर्च करने चाहिए

ग) घूमना-फिरना अच्छा है

घ) व्यापार नहीं करना चाहिए

****